## एक नजर में

### माडल आंगनबाड़ी केंद्र हेतु बैठक संपन्न



**घट्टिया।** समीपस्थ ग्राम पंचायत जगोटी के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक एक व तीन जो कि माडल आंगनबाड़ी केंद्र के लिए चयनित हुए हैं। इन दोनों केंद्रों की संयुक्त बैठक पंचायत भवन परिसर में सरपंच राहुल मुकाती की अध्यक्षता में हुई। बैठक में माडल आंगनबाड़ी, सक्षम आंगनवाड़ी व पोषण वाटिका की कार्ययोजना को लेकर चर्चा हुई। बैठक में पंचायत सचिव पप्पू शर्मा, रोजगार सहायक राकेश प्रजापति, शिक्षिका रूपा चूड़ासमा, शंकरलाल यादव, आयुर्वेद औषधालय की विमला पाल, वंदना सोनी, अनंत शर्मा, आनंद भगत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला ढुंडाले, गुंजा वाघेला, मधुबाला चौहान, संगीता बाई, रेखा बाई, सीमा बाई ने विचार व्यक्त किए। उक्त जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता राजपूत ने दी।

### झमाझम बारिश, फसलों को मिलाजीवनदान, किसानों के चहरे खिले



**घट्टिया।** बारिश की खेंच के बाद फसलें मुरझाने लगी थीं व नुकसान की आशंका बनी हुई थी कि अचानक आसमान में काले बादल छाए और मंगलवार दोपहर व शाम 2 घंटे तक झमाझम बारिश होने से जहां फसलों को जीवन दान मिल गया। वहीं किसानों के चेहरे भी खिल गए। तेज बारिश के कारण निचली बस्तियों में पानी भर गया, गटर साफ़ नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर बह निकला। वहीं वाहन चालकों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सावन मास में अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**घट्टिया।** पवित्र सावन मास में जगोटी सहित आसपास क्षेत्र के गांवों के मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। जगोटी से छः किमी पश्चिम में स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण व महिला श्रद्धालु गण पैदल पहुंच कर जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी चल रहा है। मंदिर में बड़ी संख्या में प्रतिदिन कावड़ यात्री भी पहुंच कर जलाभिषेक कर रामायण पाठ में भाग ले रहे हैं। श्री चैतन्य हनुमान मंदिर जगोटी में प्रतिवर्षानुसार पूरे सावन मास में अखंड रामायण पाठ जारी है। स्थानीय चारधाम मंदिर में भी विविध धार्मिक आयोजन के साथ युवा तरूणाई सुंदरकांड पाठ कर रहे हैं ।

### सह स्टाप डायरिया अभियान प्रारंभ





**माकड़ोन।** 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक चलने वाला दस्तक सह स्टाप डायरिया अभियान हमारे लिए सिर्फ एक गतिविधि नहीं, बल्कि हर बच्चे तक जीवन, पोषण और सुरक्षा पहुंचाने का संकल्प है। अब समय है कि हम जोश, टीम भावना और करुणा के साथ हर घर तक दस्तक दें। ताकि कोई बच्चा बीमारी से न जूझे और हर मां को भरोसा हो कि स्वास्थ्य टीम उनके साथ है। आपका हर कदम, एक स्वस्थ भविष्य की ओर एक बड़ा परिवर्तन है।

### वार्ड 47 में डायरिया सह दस्तक अभियान का शुभारंभ, बच्चों के स्वास्थ्य के लिए जागरूकता



**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 47 स्थित परवाना नगर आंगनवाड़ी केंद्र पर डायरिया सह दस्तक अभियान का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। यह जनहितकारी अभियान 22 जुलाई से 16 सितंबर 2025 तक लगातार 45 दिन तक चलेगा। इस दौरान 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी और एनीमिया, निमोनिया एवं कुपोषण की जांच कर आवश्यक उपचार के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा केशव नगर मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री थे। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद प्रतिनिधि गोपाल बलवानी और अजा मोर्चा मंडल महामंत्री संदीप टटवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान देना ही उज्जवल भविष्य की नींव है।मुख्य अतिथि गजेंद्र खत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, विकास पुरुष डॉ. मोहन यादव का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हीं के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य, पोषण और जनकल्याण की योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री का संकल्प है कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे और सभी को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। उन्होंने नागरिकों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और सहयोग करने की अपील की।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग और आंगनवाड़ी का स्टाफ भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहा। प्रमुख रूप से एएनएम हर्ष सूर्यवंशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राधा कुंडल, आशा कार्यकर्ता मीना जाटव, आंगनबाड़ी सहायिका वर्षा टटवाल सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई और घर-घर जाकर जांच करने का संकल्प लिया गया।

### वार्ड 45 में दस्तक अभियान का शुभारंभ

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 45 में समाजसेवी महेश सीतलानी के मुख्य आतिथ्य में दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। दस्तक अभियान के शुभारंभ के साथ ही आंगनवाड़ी से विटामिन ए, मल्टी विटामिन, ओआरएस का वितरण प्रारंभ हुआ। इसी के साथ ही यहां सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस दौरान एएनएम उषा मरमट, आशा कार्यकर्ता रीना मैहर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गायत्री अखंड, सहायिका अनीता टटवाल, धर्मेन्द्र लालवानी आदि मौजूद रहे।

### 24 को कालिदास अकादमी में हास्य कवि सम्मेलन

**उज्जैन।** 24 जुलाई गुरुवार को संध्या 6.30 से कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में जैन कवि संगम तथा रुद्राक्ष होम स्टे के संयुक्त तत्वावधान में सारथी परिवार द्वारा हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कवि सम्मेलन में मुकेश शांडिल्य खरगोन, विकास बैरागी नरसिंहपुर, पंडित अशोक नागर शाजापुर, निशा पंडित उज्जैन, वेद पस्तोर टीकमगढ़, सुगनचंद जैन उज्जैन एवं राजेंद्र जैन उज्जैन आदि काव्य पाठ करेंगे।

## रिजवान ने राहुल बन युवती से दोस्ती की, हाथ पकड़कर धमकाया





**महिदपुर।। नगर में लव जिहाद का मामला सामने आया है। पीड़िता ने महिदपुर थाने में रिजवान पिता साबिर हुसैन के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़िता ने एफआईआर में बताया कि रिजवान ने अपना नाम राहुल बताकर जान-पहचान बढ़ाई। लंबे समय तक धोखे में रखा। पीड़िता की दुकान पर आरोपी अक्सर आता-जाता था। उसे यह जानकारी नहीं थी कि राहुल असल में रिजवान है। पिछले एक महीने से आरोपी दुकान के अलावा घर तक पीछा करता था और गलत निगाह से देखता था। कुछ दिन पहले शाम को जब वह दुकान से** घर जा रही थी, जब वह कहीं जा रही थी, तब दर्जी वाखल क्षेत्र में रिजवान ने उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील शब्द बोले। विरोध करने पर उसने कहा कि तूने मुझसे बात करना क्यों बंद कर दी? उसने जान से मारने की धमकी भी दी।

### डर के कारण पीड़िता ने किसी को नहीं बताया

घटना के बाद डर के कारण पीड़िता ने किसी को कुछ नहीं बताया। 20 जुलाई को एक परिजन को पूरी बात बताई। इसके बाद परिजन के साथ महिदपुर थाना पहुंची और रिपोर्ट दर्ज करवाई। एफआईआर में धारा 354, 294, 506, 323, 34 और धार्मिक पहचान छुपाकर

महिला से धोखा करने की धाराएं जोड़ी गई हैं। रिपोर्ट दर्ज कराने के दौरान पीड़िता और परिवार के साथ हिंदू संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद थे। अखंड हिंदू सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज प्रजापत, पप्पू व्यास सहित अन्य कार्यकर्ता थाने पहुंचे। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा उक्त घटना शर्मनाक है। उक्त मामले को लेकर पुलिस से चर्चा की है। पदाधिकारियों ने कहा कि पीड़ित परिवार का हरसंभव सहयोग किया जाएगा। वहीं मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है मामले की जांच की जा रही है।

### श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों एवं स्टॉफ के सदस्यों की बैठक 25 को

**उज्जैन।** कर्मचारी कांग्रेस संयुक्त मोर्चा के संयोजक एवं क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी के संचालक प्रकाश सोलंकी ने श्रमिकों एवं स्टाफ के सदस्यों की अति आवश्यक बैठक शहीद पार्क उज्जैन पर 25 जुलाई 2025 को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। श्रमिक बैठक में उपस्थिति दर्ज करावें क्योंकि 10 अगस्त 2025 तक कोलकाता हाईकोर्ट में बैंक ब्याज जोड़कर नया हिसाब माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करना है। बैठक को सफल बनाने की अपील अमरसिंह गेहलोत, शीतलप्रसाद राठौर, रामचन्द्र चौधरी, अशोक राव, राजेश समेले, शिवाजी राव शिंदे सहित मोर्चा के अन्य सदस्यों ने की है।

### गौरिक दूध के आऊटलेट शॉप का शुभारंभ



**उज्जैन/महिदपुर।** महिदपुर के बाद अब उज्जैन शहर में गौरिक दूध के रूप में एक नई सौगात मिलने जा रही है। वैसे तो उत्पादन इसका महिदपुर स्थित नारायण रोड पर यहां प्लांट संचालित किया जाता है। लेकिन शहर की जनता की मांग और शुद्धता को ध्यान में रखते हुए अब यहां उज्जैन में भी बिक्री के लिए तैयार हो चुका है। जिसका शुभारंभ 21 जुलाई को दोपहर 2 बजे स्वास्तिक प्लाजा 8 शंकुमार्ग पर अतिथियों के हाथों किया, गया। गौरिक दूध उत्पादक के संचालक सुभाष ठाकुर ने बताया कि मुझे खुशी है, कि उज्जैन में गौरिक दूध की शॉप का मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष नारायण यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन किया। गोरिक ब्रांड के डायरेक्टर राहुल ठाकुर ने बताया की रिटेल काउंटर पर शुद्ध, दूध,घी, गाय का घी, छाछ, लस्सी जैसे करीब 24 से अधिक उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। शुभारंभ के अवसर पर गौरिक ब्रांड के एमडी सुभाष ठाकुर परिवार के वरिष्ठ मनोहर ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर, हाईकोर्ट के सिनियर वकील विरेन्द्र शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयसिंह दरबार, सहित बड़ी संख्या में ईष्ट मित्र जनप्रतिनिधि, समाजसेवी आदि मौजूद थे। रिटेल काउंटर के अंदर परिवार के मुखिया भागीरथ सेठ के दूध व्यवसाय में 55 साल के सफर व प्रकृति के चित्रांकन ने सभी को आकर्षित किया। इधर नलखेड़ा में भी किसानों की सुविधा व दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए चिलिंग सेंटर का शुभारंभ सोमवार को मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष नारायण यादव ने किया। संचालक सुभाष ठाकुर ने बताया कि गौरिक दूध के साथ ही यहां पर दूध से निर्मित अन्य सामग्री का भी विक्रय किया जाएगा और हम विश्वास दिलाते हैं कि शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## शिक्षा विभाग से प्रिंसिपल क़मर अली के रिटायर्ड होने पर सम्मान



**उज्जैन। उज्जैन शिक्षा विभाग से प्रिंसिपल क़मर अली के रिटायर्ड होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**

शहर काज़ी खालिकउर्रहमान ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि समाज में हर बच्चे को आला तालीम दिलाने की जवाबदारी मां-बाप की होती है और समाज के जो वरिष्ठ लोग हैं उनकी होती है, हमें बच्चों की शिक्षा पर बहुत ध्यान देना चाहिए। बच्चे पढ़ेंगे राष्ट्र बढ़ेगा। विशेष अतिथि के रूप में शकेब अख्तर कुरैशी ने कहा कमर अली सर ने पूरा जीवन अपना शिक्षा में लगा दिया। आपके पढ़ाए हुए बच्चे आज भी बड़ी पोस्टों पर है और उसी के साथ अपने अपने बच्चों को भी शिक्षित किया। एक बेटे को इंजीनियर बना कर विदेश भेजा, बेटी को एमबीबीएस करा कर डॉक्टर बनाया। यह शिक्षा से जुड़े रहने से आपकी उपलब्धि रही। मैं आम लोगों से भी कहना चाहता हूं एक टाइम की रोटी खाएं पर बच्चों को शिक्षा जरूर दें। मौलाना हाफिज तैयब ने कहा प्यारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने भी तालीम पर बहुत जोर दिया है। आसमानी किताब कुरान की पहली आयत इकरा उतरी है इकरा का मतलब पढ़ो हमें हमारे बच्चों में शिक्षा की जागृति को बहुत बढ़ावा देना चाहिए। जब शिक्षा आती है तो अच्छे संस्कार भी आते हैं। मैं सभी लोगों से यह कहना चाहता हूं कि अपने बच्चों को जरूर पढ़ाए,

कमर अली की गुलपोशी फूल माला, शाल श्रीफल सम्मान पत्र देकर किया। बाद में सभी वक्ताओं ने कमर अली की कोमी खिदमत पर रोशनी डाली और मुबारक बाद के साथ खूब दुआएं भी दी। इस मौके पर अली पब्लिक स्कूल से मौलाना तैयब नदवी, मौलाना अकबर नदवी, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर अनवारूल हक़, सैमुअल कॉन्वेंट के इरफ़ान अंसारी, सिद्धिक ए अकबर हॉयर सेकेंडरी स्कूल के नदीम सर, गवर्नमेंट स्कूल के सैयद मोहम्मद अली, महबूब पठान, गॉड गिफ्ट स्कूल के संचालक फहीम सिकंदर, शाहनवाज सर, अब्दुल हमीद मंजू मदरसा समिति के सदर हाजी अशफ़ाक, फारुक बैग, नागौरी समाज तालीमी कमेटी के मुनकद अहमद, गुलाम मोहम्मद नागोरी, गुल्लु भाई, हमजा जूनियर कॉलेज के डायरेक्टर राजू भाई, सेंट फरीद के डायरेक्टर अख्तर भाई, सेंट उमर कॉन्वेंट के संचालक सैय्यद तलत, जामा ए इस्लामिया से शहजाद खान,सर सय्यद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के इक़बाल उस्मानी, मजहर उल उल हक सिद्दीकी, नासिर बैग, तनवीर अतहर परवीन हाशमी, रेहाना जमाली, रुहीना हसन, गजल बानो शेख सहित बड़ी तादाद में उलेमा और दानिश्वर हजरात मौजूद थे। संचालन अख्तर अहमद ने किया। आभार गवर्नमेंट टीचर महबूब पठान ने माना।





## 17वीं चुनरी यात्रा हेतु माता चंबल को आमंत्रण

**नागदा।** सामाजिक समरसता मंच द्वारा प्रति वर्ष आयोजित की जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा इस वर्ष 17वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इसी क्रम में आगामी 3 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे से विश्वकर्मा मंदिर से चुनरी यात्रा का भव्य चल समारोह प्रारंभ होगा। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चामुंडा माता मंदिर, चंबल तट पर पहुंचेगा। विशेष आकर्षण के रूप में इस वर्ष 251 मीटर की विशाल चुनरी चंबल मैया को अर्पित की जाएगी। चुनरी यात्रा के माध्यम से क्षेत्र की समृद्धि, सामाजिक एकता और अच्छी वर्षा की कामना की जा रही है। यात्रा को लेकर नगरवासियों विशेषकर मातृशक्ति में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को भव्य बनाने के उद्देश्य से मंच द्वारा लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

सोमवार को मंच सदस्यों द्वारा चामुंडा माता मंदिर पर 11 पूजन-कलश स्थापित किए गए, जिनके माध्यम से माता चंबल को विधिवत आमंत्रण दिया गया। इस पूजन के माध्यम से अमृत वर्षा और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर सामाजिक समरसता मंच के गिरधारी सिंह शेखावत, गोपाल सलूजा गुलजारीलाल त्रिवेदी, पंकज नामदेव, अशोक शर्मा, सुरेश माहेश्वरी, मनोज राठी व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। 3 अगस्त को चुनरी यात्रा के अंत में चंबल मैया का दुग्धाभिषेक कर 251 मीटर चुनरी अर्पित की जाएगी। आमजन से आग्रह है कि इस पुण्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें। जानकारी समरसता मंच के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

## मॉर्निंग वॉक ग्रुप के परिवार मिलन समारोह में वरिष्ठों का अभिनंदन

### क्लासिकल डांस के साथ चेयर रेस, कुसुन गेम, हाऊजी, नृत्य की हुई प्रस्तुतियां

**उज्जैन। मंगलनाथ-अंकपात मार्ग प्रातः कालीन भ्रमण मंडल मॉर्निंग वॉक ग्रुप का परिवार मिलन समारोह वरिष्ठजनो के सारस्वत अभिनंदन एवं क्लासिकल डांस, चेयर रेस, कुसुन गेम, हाऊजी, नृत्य आदि के साथ ग्राम कड़छा स्थित गुरु टेकचंद जी समाधी स्थल पर हुआ।**



कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं ग्रुप संयोजक गिरीश आर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंडल के सदस्य महेश चौहान एवं प्रदीप वैष्णव ने बताया कि परिवार मिलन समारोह का प्रारम्भ गुरु टेकचंदजी महाराज की समाधि एवं राम दरबार एवं राधा कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सभी सदस्यों का आपसी परिचय के साथ प्रारंभ हुआ।

तत्पश्चात चेयर रेस, कुसन गेम, होऊजी, एवं फिल्मी गानो एवं भजनों पर नृत्य के साथ अनुष्का आर्य ने कत्थक क्लासिकल डांस और अदिति आर्य, श्रेया चौहान ने विशेष प्रकार के नृत्यों की प्रस्तुति दी। पश्चात 75 से अधिक सदस्यो परिजनों की उपस्थिति में मॉर्निंग वॉक ग्रुप के वरिष्ठजन मांगीलाल राठौर, मनमोहन अग्रावत, मनसुखलाल झवर, महेंद्र जैन, एस के जैन (काला) आदि का ग्रुप के साथी राजेश भटनागर के परिवार एवं अथितियों द्वारा मोतियों की माला पहनाकर शाल, श्रीफल भेंट कर सारस्वत अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए हम सभी सदस्य गण प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक के साथ प्राणायाम एवं व्यायाम आदि करते रहें है ताकि हमारे स्वास्थ्य के कारण परिजन परेशान ना हो। आपने मॉर्निंग वॉक के पारिवारिक सदस्यों से प्रतिदिन पैदल घूमने, प्राणायाम, व्यायाम करने के साथ अपनी दिनचर्या को सुधारने एवं खानपान में परिवर्तन करने के साथ अपने स्वास्थ्य पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता का आह्वान किया।

मॉर्निंग वॉक परिवार मिलन समारोह में सर्वश्री राजेश भटनागर, राजेंद्र खंडेलवाल, मनीष जैन, शुभम शर्मा, राजेन्द्र सोलंकी, प्रज्ञ जैन, मातृशक्ति में उषा झवर, सावित्री महंत, पुष्पलता शर्मा, दर्शना आर्य, सीमा भटनागर, आशा सोलंकी, सपना चौहान, इंदिरा जैन, सोनाली जैन, एश्वर्या जैन आदि के साथ परिवार के परिजनों की उपस्थिति में बड़े उत्साह के साथ पारिवारिक मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं आनंद पूर्वक मनाया गया। संचालन राजेश भटनागर ने किया एवं आभार प्रदर्शन हीरालाल सोलंकी ने माना।


**धर्म-आस्था**

**उनका अधिकतम जीवन मौन में बीता है ओर वे दिन में कई समय तक गहन ध्यान और आत्मचिंतन में लीन रहते थे**

## श्री केशरियानाथ माणिभद्र यक्षराज तीर्थ में 24 जुलाई को होगी गुरु गुणानुवाद सभा

**उज्जैन। श्री केशरियानाथ माणिभद्र यक्षराज तीर्थ भेरुगढ़ पर परम पूज्य आचार्य सागरानंदसागरसूरिश्वर की 151वीं जन्म जयंती के अनुपम अवसर पर कल 24 जुलाई गुरुवार को गुरु गुणानुवाद सभा का आयोजन होगा।**

श्री आदेश्वर-चन्दप्रभुजी ट्रस्ट, नयापुरा के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी व प्रदीप दख ने बताया की श्री केसरियानाथ-माणिभद्र यक्षराज तीर्थ भैरवगढ़ पर चातुर्मास हेतु विराजित आचार्यश्री अशोकसागरसूरिश्वर ने अपने प्रवचन में कहा कि परम पूज्य आचार्य सागरनंदसागरसूरिश्वर जैसे महान संत विरले ही धरती पर जन्म लेते हैं, जिनका जीवन स्वयं में एक ग्रंथ है और जिनकी साधना साक्षात मोक्ष का मार्ग दिखाती है। उनकी 151वीं जन्म जयंती केवल उत्सव नहीं, आत्मचिंतन और आदर्श जीवन को अपनाने का अवसर है, उनके आचरण से संयम की सजीव झलक मिलती थी। उन्होंने आजीवन कठिन तपस्या, उपवास और योग के माध्यम से आत्मशुद्धि का मार्ग अपनाया, वर्षीतप, अट्ठाई, मासक्षमण जैसे व्रत उनके लिए सामान्य थे, उन्होंने सांसारिक सुखों का त्याग कर आत्मकल्याण का मार्ग चुना, उनका वैराग्य असंख्य मुमुक्षुओं के लिए आज प्रेरणास्त्रोत बन गया। उनका अधिकतम जीवन मौन में बीता है ओर वे दिन में कई समय तक गहन ध्यान और आत्मचिंतन में लीन रहते थे उन्होंने जैन आगम, सिद्धांत और तत्वज्ञान में गहरी समझ थी, उनके प्रवचनों में तत्वज्ञान सरलता से प्रवाहित होता था तथा उनका जीवन बहुत ही सरल, सात्विक और अनुपम था उन्होंने कभी आडंबर या प्रचार की इच्छा का भाव नहीं रखा तथा जीवन में उन्होंने किसी से द्वेष नहीं रखा, उनके व्यवहार में समता, करुणा और क्षमा का अद्भुत समावेश था एवं उनके शिष्य उनके प्रति अपार श्रद्धा रखते थे आचार्य श्री ना केवल मार्गदर्शक थे बल्कि स्वयं भी उस मार्ग पर चलते हुए आदर्श प्रस्तुत करते थे। उनका केवल दर्शन ही शांति, श्रद्धा और प्रेरणा का स्त्रोत बन गया था, उनकी वाणी से ही तीर्थो का आभास होता था। उन्होंने मौन रहकर आत्मा का साक्षात्कार किया एवं मौन में ही उन्होंने अनेक गूढ़ तत्त्वों की अनुभूति का अनुभव किया। आध्यात्मिक तेज से युक्त गुरुवर हजारों साधुओं और श्रावकों के प्रेरणास्त्रोत है, आत्मानुशासन, मौन, ध्यान और कठिन व्रतों के लिए उनका आशीर्वाद व स्मरण करते है व जैन आगम व तत्त्वज्ञान के गहन ज्ञाता थे। उन्होंने सागरसूरिश्वर उपाधि से तप और ज्ञान की साधना में श्रेष्ठता प्राप्त की है, उनका जीवन जैन शासन की



सेवा की संयम जीवन को सरल, सहज और प्रभावशाली रूप में समाज के सामने रखा। अनेक मुमुक्षुओं को दीक्षा मार्ग की प्रेरणा दी, उनकी वाणी में गूंजता था समता, क्षमा और करुणा का संदेश, सच्चे अर्थों में वे जैन साधु जीवन के प्रतीक पुरुष थे। आचार्य श्री का जीवन आदर्श जीवन है। आचार्य श्री की तपस्वी आत्मा, उनके सच्चे धर्म साधक के स्मरण में समर्पित दिन है, जिन्होंने संयम, ज्ञान और वैराग्य को जीकर दिखाया। त्याग केवल शब्द नहीं, साधना है यह बताया, तप केवल दिखावा नहीं है बल्कि आत्मा की परिष्कार प्रक्रिया है और धर्म केवल पूजा नहीं, जीवन का स्वरूप है। उनकी मौन साधना में अनुपम शक्ति थी तथा उनका जीवन में एक ही उद्देश्य था, आत्मा को शुद्ध बनाना और मोक्ष की ओर बढ़ते रहना, उन्होंने अनेक कठिन व्रत व तप किये व मौन साधना से जीवन को मोक्ष की ओर अग्रसर किया तथा उनके हर शब्द में आत्मिक अनुभव झलकता था। आचार्य आगम को न केवल पढ़ते थे, बल्कि जीवन को आगम अनुसार जीते थे व उनका हर उपदेश, हर वाक्य आत्मा को छू लेता था, उनकी जन्म जयंती पर हम उनके जीवन को केवल स्मरण न करें, बल्कि उसे अपने जीवन में उतारें। त्याग का एक छोटा सा बीज हम बोएं, संयम की एक छोटी सी लौ हम जलाएं और आत्मा की ओर एक कदम हम बढ़ाएं तथा परम पूज्य आचार्य श्री सागरनंद सागरसूरिश्वर जी म. सा. जैसे गुरुओं के आदर्शों को अपनाकर हम भी अपने जीवन को धर्ममय, सार्थक और शांतिमय बनाने के लिये कल उज्जैन के सभी श्रावक-श्राविका गुणानुवाद सभा में आचार्य श्री की महिमा का वर्णन सुनकर अपने जीवन को सार्थक बनाये। श्री आदेश्वर-चन्दाप्रभु ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष दुग्गड, ट्रस्ट मण्डल व चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रकाश सांवरा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस गुरु गुणानुवाद का श्रवण कर इस उत्सव को सफल बनाने का आग्रह किया।